an>

Title: Need to improve BSNL mobile services in Jammu and Kashmir.

श्री जुगल किशोर (जम्मू) ः जैसा कि हम सभी जानते हैं कि दूरसंचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पूरा देश काफी तरक्की कर रहा है, लेकिन जम्मू-कश्मीर में मोबाइल नेटवर्क तथा इंटरनेट के नेटवर्क की स्थिति काफी खराब है। विशेषकर जम्मू के सीमावर्ती क्षेत्र तथा ग्रामीण इलाकों में बी.एस.एन.एल. मोबाइल नेटवर्क सेवा काफी खराब है जिसका प्रभाव सीधे तौर पर स्थानीय लोगों सहित सरकारी काम-काज पर पड़ता है। कई बार आपात स्थिति होने के बावजूद लोगों का एक-दूसरे से संपर्क नहीं हो पाता। जिस कारण लोगों को मोबाइल सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है।

अतः मेरा माननीय दूरसंचार मंत्री जी से आग्रह है कि सीमावर्ती क्षेत्र की गंभीरता को देखते हुए जम्मू में मोबाइल नेटवर्क के लिए टावर स्थापित किये जाए और नेटवर्क की गुणवत्ता को भी सुधारा जाए जिससे क्षेत्र की जनता को मोबाइल सुविधा का पूरा लाभ मिल सके।